आर सी ई एम एपरोच
पाठ योजना

छात्र अध्यापक का नामः [illegible] विषय ः **हिन्दी** उपविषयः **झांसी की रानी**

अनुक्रमांक ः .... कक्षा ः **सातवीं** अवधिः **35 मिनट** तिथिः ....

अदाः

1 शिक्षण बिन्दुः

क बच्चों को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बारे में अवगत करवाना।

ख बच्चों को झांसी की रानी के जीवन के बारे में जानकारी देना।

2 पाठ के उद्देश्यः

क छात्रों को शुद्ध पढ़ने लिखने व उच्चारण का ज्ञान देना।

ख छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि करना।

ग छात्रों में देशभक्ति का भाव जागृत करना।

घ छात्रों में कक्षा के प्रति रूचि उत्पन्न करना।

3 अपेक्षित व्यवहारिक उद्देश्यः

क छात्रों को इस योग्य बनाना कि कविता का उद्देश्य समझ सकें।

ख छात्र कविता को पढ़कर देशभक्ति संवधी भावों को समझ सकें।

ग कठिन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

घ देश के देशभक्तों के जीवन पर प्रकाश डालना।

4 शिक्षण सहायक सामग्रीः

क साधारण सामग्रीः चॉक□ श्यामपट्ट□ झाड़न□ संकेतक

ख विशिष्ट सामग्रीः चार्ट का प्रयोग

प्रि□याः

क अभिप्रेरणा

विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को ज्ञात करने के लिए छात्र अध्यापक विद्यार्थियों से निम्नलिखित प्रश्न पूछेगी।

प्रः प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कब हुआ□

उः **1857** ई□

प्रः **1857** ई□ की □न्ति में किन किन देश भक्तों ने भाग लिया□

उः तांत्या टोपे□नाना साहब□मंगल पाण्डे

प्रः **1857** ई□ की □न्ति में झांसी प्रदेश से किस विरांगना ने अपने प्राणों की बलि लगा दी□

उः छात्र उत्तर देने में असमर्थ।

प्रकरण की घोषणा

छात्रों से असंतोषजनक उत्तर पाकर छात्राध्यापक अपने उपविषय की घोषणा करती है कि आज का हमारा उपविषय है 'झांसी की रानी'।

प्रस्तुतिकरणः

शिक्षण बिन्दुः	**छात्र अध्यापक क्रियाएं**	**छात्र क्रियाएं**	**शयामपट्ट का प्रयोग**
कवियत्री का परिचय	सुभद्र कुमारी चौहान का जन्म 1904ई० में प्रयाग में हुआ। इनकी कविताओं को पढ़कर यह स्पष्ट होता है कि वह देश प्रेम की भावना से ओत प्रोत थीं।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं और अपनी कापी पर नोट करते हैं।	जन्म 1904ई०
आदर्श वाचन	सिंहासन हिल रहा उठा .... झांसी की रानी कानपुर के नाना ....झांसी की रानी छात्र अध्यापक कविता को लय,सुर,ताल हाव भाव गति आरोह अवरोह के साथ वाचन करती है।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं।	
अनुकरण वाचन	छात्र अध्यापक दो या तीन छात्रों से अनुकरण वाचन कराती है।	छात्र कविता को सुर लय ताल से पढ़ते है।	
शब्दार्थः	छात्रा अध्यापक कविता में आये कठिन शब्दों का अर्थ विद्यार्थियों को समझाएगी। कठिन शब्दः 1 भृकुटीः भौहें	छात्र अपनी कापी पर नोट करते हैं।	1 भृकुटीः भौहें

विषय वस्तु	छात्र अध्यापक क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	शयामपट्ट का प्रयोग
	2 फिरंगीः अंग्रेज **3** ठानीः निश्चय किया	छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं और अपनी कापी पर नोट करते हैं।	**2** फिरंगीः अंग्रेज **3** ठानीः निश्चय किया
पुनःआदर्श वाचन	शिक्षक उच्चारण एवं शब्दार्थ के उपरान्त एक बार पुनः कविता पाठ करेगी।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं।	
मोन वाचन	शिक्षक छात्रों से मोन पाठ करायेगी।		
बोध प्रश्न	प्रः लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजो से युद्व क्यों किया? प्रः लक्ष्मीबाई बचपन में किनसे खेलती थी?	उः देश को आज़ाद कराने के लिए। उः बरछी, ढाल, कटरी के साथ	बरछी, ढाल, कटरी
स्पष्टीकरण	छात्र अध्यापक कविता के भावार्थ को अपने शब्दों में व्यक्त करती है। झांसी की रानी बहादुर विरांगना थी। सिंहासन हिल उठे अर्थात भारतीय स्वाधीनता संग्राम में बलिदान देने के लिए तैयार हो गए। तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए राजवंशों के मन में		

विषय वस्तु	छात्र अध्यापक क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	शयामपट्ट का प्रयोग
झांसी की रानी	एक उत्साह था अर्थात ऐसा भारतवर्ष जिसका तेज नष्ट हो चुका था रानी झांसी के द्वारा पुनः वापिस आ गया। रानी का जब सत्ता में प्रवेश हुआ तो लोगों ने गुमी आज़ादी की कीमत पहचानी थी। रानी लक्ष्मीबाई ने 1857ई० में तलवार उठाई थी। रानी लक्ष्मीबाई ने आपनी वीरता का प्रदर्शन किया। जिसकी गाथा बुंदेल राज्य के प्रत्येक व्यक्ति के मुंह पर थी। लक्ष्मीबाई अपने माता पिता की अकेली संतान थी। कानपुर के नवाब नाना साहब ने उनका लालन पालन किया था तथा उन्हें शिक्षा दिलवाई। रानी बचपन से ही ढाल कटारी के साथ खेलना पसन्द करती थीं। रानी लक्ष्मीबाई को वीर शिवाजी की गाथाएं जुबानी याद थी। इस कविता से यह पता चलता है कि रानी लक्ष्मीबाई बहदुर थीं और उनमें देश प्रेम की भावना कूट कर भरी हुई थी।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं। छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं। छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं।	

अनुप्रयोगः

क	गुमी हुई आज़ादी की .... सबने पहचानी थी।

ख	वीर .... की गाथाएण उसको याद जुबानी थी।

ग	वह अपने पिता की .... संतान थी।

प्रदा

वास्तविक अधिगम निष्कर्ष

प्रः	'झांसी की रानी' कविता के रचियता का नाम क्या था?

प्रः	लक्ष्मीबाई के बचपन का क्या नाम था□

प्रः	रानी लक्ष्मीबाई मे किसके साथ खेलती थी□

गृहकार्य

झांसी की रानी के जीवन और उनकी वीरता पर एक निबंध लिखिए।